जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

JAWAB DO SARKAR ™
www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2021/tpf/03 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | रविवार, 14 फरवरी 2021

भाग-1

आदर्श नगर पुलिस थाने की शह पर राजापार्क में खुलेआम चल रहा जिस्मों का धंधा!!!

राजापार्क के मुख्य बाजार में बैराठी बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर चल रहा "ब्लू एक्वा थाई स्पा"

पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,सगत सिंह मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,खातीपुरा-302012 मोबाइल:-9828346151

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

राजधानी जयपुर के इस मसाज पार्लर में चल रहा था ये गंदा काम, सात गिरफ्तार

जयपुर (jaipur latest news)में धड़ल्ले से चल रहा है जिस्म का कारोबार, मसाज के नाम पर हो रही है जिस्मफरोशी, होटलों में बिक रही है लड़कियां, पुलिस कार्रवाई के नाम पर कर रही खानापूर्ति।

जयपुर (jaipur latest news)में धड़ल्ले से चल रहा है जिस्म का कारोबार, मसाज के नाम पर हो रही है जिस्मफरोशी, होटलों में बिक रही है लड़कियां, पुलिस कार्रवाई के नाम पर कर रही खानापूर्ति।

जी हां राजधानी जयपुर में इन दिनों जिस्मफरोशी का धंधा खुलेआम चल रहा है। मसाज पार्लर (massage parlor)के नाम पर उत्तरप्रदेश, नागालैंड, आसाम और दूसरे इलाकों से लड़कियों को मंगवाकर उनसे जिस्मफरोशी करवाई जा रही है। डीसीपी कावेंद्र सिंह ने शिकायत मिलने पर ऐसे स्पा सेंटर (spa center)को जांचने के लिए टीमें लगाई गई।

एसीपी रायसिंह बेनीवाल की अगुवाई में चित्रकूट थानाधिकारी वीरेंद्र सिंह कुरील ने टीम के साथ ऐवर साईन टॉवर के पीछे एफ ब्लॉक वैशाली नगर में प्रथम फलोर पर तनु स्पा सेन्टर व द्वितीय फलोर पर ऐम्बीनियस थर्ड स्पा सेन्टर में मसाज करने के नाम पर वेश्यावृत्ति कराई जा रही थी। मसाज के लिए बोगस ग्राहक भेजकर जिस्मफरोशी के लिए लड़की की मांग की तो तुरंत दाम बता दिए।

यहां तक की उत्तरप्रदेश, नागालैंड, असम, राजस्थान और दूसरे इलाकों की लड़कियों के अलग—अलग रेट भी बताए। बोगस आदमी से इशारा मिलते ही पुलिस की टीम ने दोनों स्पा सेंटर पर दबिश देकर एक सेंटर पर तीन लड़कियों और एक स्पा मैनेजर को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे सेंटर पर दो लड़कियों और स्पा मैनेजर को दबोचा है।

ऐम्बीयन्स थाई स्पा सेन्टर से संचालक रामावातार चौधरी और तनु स्पा सेन्टर के संचालक श्रवण महर्षि को गिरफ्तार कर पीटा एक्ट में पकड़ा है। बता दे कि राजधानी में 2000 से ज्यादा स्पा सेंटर संचालित है जिसमें अधिकतर स्पा सेंटर पॉश कॉलोनियों में है। वहीं राजापार्क, वैशालीनगर, जवाहरसर्किल, मानसरोवर, झोटवाड़ा इलाकों में चलने वाले अधिकतर स्पा सेंटर पर मसाज के नाम पर सबकुछ परोसा जा रहा है।

बीते दिनों में जयपुर पुलिस ने जिस्मफरोशी के कारोबार की तरफ आंखें मूंदी हुई है। यही कारण है कि मसाज के नाम पर देह व्यापार और होटलों में भी इसी तरह का धंधा तेजी से बढ़ा है।

राजापार्क की अवैध बिल्डिंगों में हो रहे जिस्मफरोशी जैसे अवैध काम

हमारी पूर्व की रिपोर्ट में हमने राजापार्क की अवैध बिल्डिंगों से हो रही कई समस्याओं का विस्तृत विवरण बताया था,परन्तु जैसे जैसे इस अभियान से लोग जुड़ते जा रहे है कई और संगीन खुलासे होते जा रहे है|

ऐसे ही एक मामले का खुलासा हुआ है जिससे पता चला है कि इन अवैध बिल्डिंगों में कई मसाज पार्लर/स्पा सेंटर चल रहे है जिसकी आड़ में जिस्म फरोशी का धंधा जोरो-शोरो से फलफूल रहा है|ऐसा नहीं है कि स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है लेकिन मोटी रकम रिश्वत में मिलने के कारण ऐसे मामलों में कम ही खुलासे हो पाते है|

मोटे किराये का लालच

दरअसल इन अवैध धंधो में मकान मालिक को मोटा किराया मिलता है जिसके चलते ऐसी अवैध बिल्डिंगों में यह अवैध काम जल्दी फलफूल रहे है|अपने किराये की इनकम को बनाये रखने के लिए यह लोग अपने राजनैतिक रसूखात भी बखूबी इस्तेमाल करते है|

बैराठी बिल्डिंग में चल रहा ब्लू एक्वा थाई स्पा के नाम के नाम से जिस्मों का धंधा|

ऐसे ही एक अवैध मसाज पार्लर का पता चला है जो कि राजापार्क के मुख्य बाजार में इलाके के नामी व्यवसायी बैराठी की बिल्डिंग में ब्लू एक्वा थाई स्पा के नाम से चल रहा है|इस स्पा सेंटर में चार कमरे बना रखे है जहाँ पर बंद दरवाजों के पीछे स्पा के नाम पर यह गन्दा काम किया जाता हैइस बिल्डिंग में पिछले पांच सालों से इस धंधे को अंजाम दिया जा रहा है,मजे कि बात यह है कि आज दिन तक इस अवैध धंधे पर पुलिस की नजर नहीं पड़ी है|

पुलिस की रेड की पूर्व सुचना पर छत के सहारे फरार हो जाता है पूरा स्टाफ और ग्राहक

जानकारों के अनुसार अलबत्ता तो पुलिस से सेटिंग के चलते यहाँ पर रेड नहीं पड़ती,पड़ती भी है तो उसकी पूर्व जानकारी मिलने से यहाँ का पूरा स्टाफ और यहाँ पर मौजूद ग्राहक अपना सामान(चड्डी,कॉन्डम वगैरह) समेत छत के रास्ते से पड़ोस की बिल्डिंग में कूद कर फरार हो जाते है|

बिल्डिंग के प्रथम तल पर चल रहा ब्लू एक्वा थाई स्पा

ब्लू एक्वा थाई स्पा का बोर्ड

जवाब मांगते सवाल?

1.आखिर कब से चल रहा है इस बिल्डिंग में यह अवैध काम?

2.कितनी बंधी जाती है इस जिस्मफरोशी के इस अड्डे से आदर्श नगर थाने में ?

3.कितने और अड्डे चल रहे है इस स्पा मालिक के?

4.कितनी मासूम लड़कियों को लगा रखा है इस घिनौने धंधे में?

5.क्या थानाधिकारी अरुण कुमार करेंगे इस जिस्म फरोशी के धंधे पर कार्यवाही?